# 15 दिन में मिल गई दो मेगा प्रोजेक्ट के लिए जमीन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में दो निवेश परियोजनाओं के लिए केवल 15 दिन में जमीन निवेशकों को मिल गई। अब इसके जरिए राज्य में 1270 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 2000 रोजगार के अवसर बनेंगे।

यूपीसीडा ने इसी मई में रिकॉर्ड 14 दिनों की अवधि के भीतर जे.के. पेंटस एंड कोटिंग्स को कोसी कोटवान, मथुरा में 24 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस जमीन पर पेंट निर्माण इकाई लगेगी। इस परियोजना मे 570 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इससे 400 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 800 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा।

**34 एकड़ भूमि फ्रूट जूस यूनिट के लिए:** यूपीसीडा ने इसी तरह त्रिशुंडी, अमेठी में एसएलएमजी बेवरेजेज को 34 एकड़ भूमि फ्रूट जूस यूनिट स्थापित करने के लिए आवंटित की है। कोका-कोला कंपनी की प्रमुख बॉटलिंग सहायक कंपनी, एसएलएमजी द्वारा इस नए प्लांट में 700 करोड़ रुपयों का निवेश एवं 650 से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार प्रस्तावित है। पिछले एक साल में यूपीसीडा ने पश्चिम मे मथुरा, पूर्व मे देवरिया, उत्तर मे पीलीभीत और दक्षिण मे चित्रकूट विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भूमि आवंटित की है।

> उत्तर प्रदेश सरकार की फास्ट ट्रैक नीति और मेगा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने की निति के तहत इस इकाई के स्थापना के लिए यूपीसीडा ने टेलर-मेड भूखंड का आवंटन रिकॉर्ड दो सप्ताह के अंदर प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है।
>
> **मयूर माहेश्वरी**, एमडी, यूपीसीडा